# झोली मेरी भर देना श्याम | by Shivam Suryavanshi

भर देना भर देना मेरे श्याम झोली मेरी भर देना
भर देना भर देना मेरे श्याम झोली मेरी भर देना

तेरे दर पे आके मैंने है अरदास लगाई
तूने ही तो खाटूवाले की मेरी सुनवाई
नैया मेरी डूब रही है इसको पार लगाना
हार गया हूँ मैं तो बाबा अब तो जीत दिलाना
भर देना ...........

हारे का सहारा तू ही है ओ मेरे खाटूवाले
गले लगाले मुझको बाबा अपना दास बनाले
दुनियादारी छोड़ के बाबा तेरे दर पे आया
झोली भरदो मेरी आके ये अरदास हूँ लाया
भर देना.........

अब तो किरपा कर दो बाबा मुझको ना तरसाओ
नीले चढ़कर आओ बाबा मेरे दुखड़े मिटाओ
सबने है ठुकराया मुझको तेरा ध्यान लगाया
किसी के आगे झुका नहीं तेरे आगे शीश झुकाया
भर देना.........

झोली तूने जो ना भरी तो दुनिया मुझपे हँसेगी
ताने मारेगी ये दुनिया तंज मुझपे कसेगी
शिवम् की तू लाज बचा ले नीले चढ़कर आजा
झोली भरदे मेरी आके मेरा मान बढ़ा जा
भर देना.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-shivam-suryavanshi/